आकाशवाणी केन्द्र शिमला
16.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

ऊर्जा निवेशक सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरित विकास और शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री ने आज गुजरात के गांधीनगर में वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन और प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का भी लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकासशील देश होने के बावजूद भारत ने निर्धारित जलवायु प्रतिबद्धताओं को तय समय से नौ वर्ष पहले ही हासिल कर लिया है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से भारत का हर घर बिजली उत्पादक बन जाएगा। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए एक करोड़ से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है। इस योजना के अंतर्गत 3 लाख से अधिक घरों में छत पर सौर पैनल लगाए गए हैं। उन्होंने युवाओं के लिए नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में पर्याप्त नौकरी और कौशल के अवसरों पर भी बल दिया। नरेंद्र मोदी ने कहा कि जलवायु समर्थक सिद्धांत भारत की प्रतिबद्धता का प्रमुख हिस्सा है। उन्होंने देश के 17 शहरों को सौर शहर के रूप में विकसित करने की योजना की भी बात की।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज सोलन ज़िले के गण की सेर में माधव सृष्टि बहुआयामी शिक्षण संस्थान का लोकार्पण किया। इस मौके पर अपने संबोधन में राज्यपाल ने विद्यार्थियों को गुणात्तक व नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाने के लिये प्रेरित किया जाना चाहिये ताकि वे समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक बन सकें। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि समाज को बदलने व भारतीय परंपराओं के अनुरूप उत्कृष्ट सांस्कृतिक मूल्यों को बनाये रखने में अध्यापक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

याचिका निरस्त

प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्यसभा चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी की याचिका को निरस्त करने से इनकार कर दिया है। इस याचिका को निरस्त करने को लेकर सांसद हर्ष महाजन ने अदालत से अपील की थी, लेकिन उच्च न्यायालय ने ऐसा करने से इनकार कर दिया है। हर्ष महाजन के अधिवक्ता विक्रांत ठाकुर ने बताया कि अदालत ने हर्ष महाजन को इस संबंध में 2 सप्ताह के भीतर जवाब देने के आदेश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि 27 फरवरी को प्रदेश में हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा के हर्ष महाजन ने कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी को हराया था और अभिषेक मनु सिंघवी ने चुनाव में पर्ची प्रक्रिया अपनाने को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

संजय अवस्थी

मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने आज सोलन ज़िले के अर्की में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सायर उत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने लोगों को सायर उत्सव की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि यह उत्सव लोगों की आस्था का प्रतीक है और प्राचीन संस्कृति व परंपराओं को संजोए हुए है। संजय अवस्थी ने कहा कि अर्की में सायर उत्सव की शुरूआत 3 सौ 80 वर्ष पहले हुई थी और आज भी यह उत्सव उसी परंपरा व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र का सुनियोजित विकास उनकी प्राथमिकता है और इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

सेवा पखवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश भर में कल 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि इस दौरान प्रदेश के सभी 17 संगठनात्मक जिलों में युवा मोर्चा के नेतृत्व में रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। इसके अलावा सभी पोलिंग बूथों पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद हर पोलिंग बूथ पर 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

ईद मिलाद–उन–नबी

पैगम्बर मोहम्मद के जन्मदिन के अवसर पर देश में आज ईद मिलाद–उन–नबी का त्योहार धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मिलाद महफिल और सीरत सम्मेलनों का आयोजन किया गया जिनमें पैगम्बर मोहम्मद के जीवन और उनके शिक्षाओं के बारे में बताया जाता है। प्रदेश के कई भागों में इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस भी निकाले। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिलाद–उन–नबी के अवसर पर देश के नागरिकों, विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के लोगों को बधाईयां दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि पैगम्बर ने सभी लोगों को प्रेम व भाईचारे की भावना मजबूत करने के लिए प्रेरित किया और समाज में समानता और सद्भाव पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने अपने बधाई संदेश में आशा व्यक्त की है कि सद्भाव व एकजुटता हमेशा बनी रहेगी और चारों ओर खुशी व समृद्धि होगी।

आधार अपडेट

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने निशुल्क आधार अपडेट की समय सीमा अवधि आगामी 14 दिसंबर तक बढ़ा दी है। आधार कार्ड धारक इस 90 दिन की समय अवधि में बिना शुल्क के अपना आधार अपडेट कर सकते हैं। यह सेवा ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी।